राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर चित्रकूट-(उ०प्र०)

आख्या सामान्य एवं विशेष शिविर 2023

"राष्ट्रीय सेवा योजना "

इकाई -1

सत्र-2022-23

(श्री धर्मेंद्र सिंह )
कार्यक्रम अधिकारी इकाई-1

प्राचार्य
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर, चित्रकूट (उ0प्र0)

# राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर (चित्रकूट) उ.प्र. 210208
email id : gdcmanikpur@gmail.com


पत्रांक :

दिनाँक : ......................

## प्रमाण-पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि राष्ट्रीय सेवा योजना के सत्र 2022-23 के चारों एक दिवसीय सामान्य शिविर एवं विशेष शिविर (सात दिवसीय) व शासन द्वारा निर्धारित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई -1 श्री धर्मेंद्र सिंह द्वारा सफलतापूर्वक आयोजित कराया गया।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर, चित्रकूट (उ०प्र०)

# राजकीय महाविद्यालय

मानिकपुर (चित्रकूट) उ.प्र. 210208

email id : gdcmanikpur@gmail.com

पत्रांक : दिनाँक : ........................

## महाविद्यालय में रोड सेफ्टी क्लब का गठन( स्वयंसेवी सदस्य )

| क्र० सं० | जनपद का नाम | रोड सेफ्टी क्लब की संख्या | महाविद्यालय का नाम | नोडल अधिकारी/कार्यक्रम अधिकारी का नाम | दूरभाष |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चित्रकूट | 01 | राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर चित्रकूट | श्री धर्मेंद्र सिंह<br>डॉ० प्रमोद कुमार (सह नोडल ) | 9452674277 |

1-लीडर/अध्यक्ष –प्रांजल Pranjal

**2-डोमेन हेड/उपाध्यक्ष –**

**(A) क्रिएटिव डोमेन -** 1-अनुभव गुप्ता अनुभव गुप्ता
2-मो.सोहेल Sohel

**(B) लाजिस्टिक्स डोमेन -** 1-नेहा देवी नेहा देवी 2-रोहित कुमार रोहित कुमार
3-अंकित मिश्रा 4- रज्जू

**(C) पब्लिसिटी डोमेन -** 1-देव कुमार Devkumar
2–शिवांस शिवांश 3–राधा देवी राधा देवी

**3- एक्जीक्यूटिव /सचिव -** दीपा द्विवेदी 1-दीपा द्विवेदी 2-हिमांशी पाण्डेय
3-अंकित मिश्रा 4- संध्या देवी संध्या देवी
5- कु० माया माया 6-आशीष कुमार

प्रभारी
सड़क सुरक्षा

प्राचार्य
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर चित्रकूट (उ०प्र०)

# राजकीय महाविद्यालय

मानिकपुर (चित्रकूट) उ.प्र. 210208
email id : gdcmanikpur@gmail.com

पत्रांक : एम०जी०सी०/225-29/रा०से०यो०/2022-23 दिनाँक : 20.03.2023

सेवा में,

कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना
बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय झाँसी।

विषय- "राष्ट्रीयसेवा योजना" विशेष शिविर आयोजन की सूचना के संबंध में।

महोदय,

अवगत कराना है कि "राष्ट्रीयसेवा योजना" का सात दिवसीय विशेष शिविर दिनांक 21.03.2023 से 27.03.2023 तक आयोजित किया जा रहा है जिसका कार्यक्रम विवरण निम्नवत है-

| दिनांक | दिवस | कार्यक्रम |
|---|---|---|
| 21 मार्च 2023 | प्रथम दिवस | शुभारंभ एवं , प्राथमिक उपचार , स्वच्छता जागरूकता अभियान |
| 22 मार्च 2023 | द्वितीय दिवस | जल संरक्षण संगोष्ठी एवं लिंग विभेद निषेध कार्यक्रम |
| 23 मार्च 2023 | तृतीय दिवस | मतदान जागरूकता दिवस |
| 24 मार्च 2023 | चतुर्थ दिवस | धूम्रपान , निषेध जागरूकता अभियान |
| 25 मार्च 2023 | पंचम दिवस | मिशन शक्ति अभियान |
| 26 मार्च 2023 | षष्टम दिवस | योग, स्वास्थ्य जागरूकता शिविर |
| 27 मार्च 2023 | सप्तम दिवस | समापन समारोह कार्यक्रम |

बुंदेलखंड वि०वि० झाँसी के निर्देशानुसार विशेष शिविर कार्यक्रम की रूपरेखा प्रेषित की जा रही है। अतः उक्त से अवगत होते हुए अग्रेतर कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर चित्रकूट (उ०प्र०)

प्रतिलिपि :-निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

१- क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी झाँसी।

२- राज्य संपर्क अधिकारी उत्तर प्रदेश शासन।

३- क्षेत्रीय निदेशक उत्तर प्रदेश लखनऊ।

४- थानाध्यक्ष मानिकपुर चित्रकूट।

21-3-23 Received one copy

कार्यक्रम अधिकारी (रा०से०यो०)

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर चित्रकूट

भवदीय

# राष्ट्रीय सेवा योजना व्याख्यान हेतु कार्यक्रम विवरण- 2023

राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर जो कि दिनांक 21 मार्च 2023 से 27 मार्च 2020 तक आयोजित है के अंतर्गत महाविद्यालय में कार्यरत प्रवक्ताओं का व्याख्यान निम्न तिथियों पर सुनिश्चित किया गया है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 - | 21मार्च2023 - | शुभारंभ एवं स्वच्छता जागरूकता | प्राचार्य एवं समस्त प्राध्यापक |
| 2- | 22 मार्च 2023 - | जल संरक्षण एवं लिंग विभेद निषेध | श्री संदीप नाथ तिवारी |
| 3- | 23 मार्च 2023 - | मतदान जागरूकता | डॉ धीरेंद्र सिंह एवं डॉ रामपोश |
| 4- | 24 मार्च 2023 - | नशा निषेध जागरूकता अभियान | श्री नीरज सिंह एवं श्री संदीप तिवारी |
| 5- | 25 मार्च 2023 - | मिशन शक्ति अभियान | वृजेश श्रीवास्तव एवं डॉ कीर्ति शुक्ला |
| 6- | 26 मार्च 2023 - | योग स्वास्थ्य जागरूकता | डॉ रमेश कुमार सरोज |
| 7- | 27 मार्च 2023 - | समापन समारोह कार्यक्रम | समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी |

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई -1

प्राचार्य

## राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर चित्रकूट
## राष्ट्रीय सेवा योजना एक दिवसीय सामान्य शिविर की प्रगति आख्या

प्रथम एकदिवसीय सामान्य शिविर "**पाठा की पाठशाला**" दिनांक 10 मार्च 2023 को राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत दिनांक 10 मार्च 2023 को एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की वैधानिक शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य /संस्था अध्यक्ष डॉ दुर्गेश कुमार शुक्ल द्वारा मां सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया। यह शिविर मुख्य रूप से "**पाठा की पाठशाला**" पर आधारित था । इसका उद्देश्य मानिकपुर सदृश क्षेत्र में शिक्षा के माध्यम से अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के सर्वांगीण विकास करना है साथ ही इसका मूल्य लक्ष्य "**सब पढ़े सब बढ़े**" के भाव को भी परिलक्षित करता है। प्राचार्य महोदय ने स्वयं सेवक एवं स्वयं सेविकाओं को राष्ट्रीय उत्थान हेतु सदैव तत्पर रहने का मंतव्य दिया ।वही कार्यक्रम अधिकारी श्री धर्मेंद्र सिंह ने स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य को परिलक्षित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ रमेश सरोज, डॉ संदीप तिवारी, डॉ कीर्ति शुक्ला, डॉ बृजेश श्रीवास्तव, डॉ धीरेंद्र सिंह, डॉ रामपोश एवं श्री नीरज सिंह इत्यादि प्राध्यापक उपस्थित रहे महाविद्यालय के प्राध्यापक श्री सुनील कुमार मिश्रा ने कार्यक्रम का संचालन किया।

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर चित्रकूट

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर, चित्रकूट (उ०प्र०)

# राजकीय महाविद्यालय

## मानिकपुर (चित्रकूट) उ.प्र. 210208

email id : gdcmanikpur@gmail.com

पत्रांक : रा०से०यो०/230/D.D./2022-23 दिनाँक : 20.03.2023

सेवा में,

कार्यक्रम समन्वयक(रा०से०यो०)

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झाँसी।

विषय- <u>राष्ट्रीय सेवा योजना पंजीकरण धनराशि (D.D) प्रेषित किए जाने के संबंध में।</u>

महोदय,

सादर अवगत कराना है कि राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर,चित्रकूट में राष्ट्रीय सेवा योजना की एक इकाई संचालित है। योजना से संबंधित रुपये 500/- की धनराशि का बैंक ड्राफ्ट स०-477238 दिनांक 20/03/2023 , वित्त अधिकारी , बुंदेलखंड विश्वविद्यालय , झाँसी के नाम प्रेषित है।

अतः रुपये 500/- की धनराशि का बैंक ड्राफ्ट स०-477238 दिनांक 20/03/2023 , वित्त अधिकारी , बुंदेलखंड विश्वविद्यालय , झाँसी के नाम मूल रूप से संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है। अतः प्राप्ति स्वीकार करने का कष्ट करें।

संलग्नक –उक्तवत

भवदीय

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर चित्रकूट (उ०प्र०)

भारतीय डाक
India

RU040268435IN IVR:8285040268435
RL MANIKPUR SO CHITRAKOOT <210208>
Counter No:1,24/03/2023,13:43
To:KARYAKRIM SAMNVYAK,B.K.U.,
PIN:284001, JHANSI HO
From:PRINCIPAL G.D.C.,MANIKPUR
Wt:10gms
Amt:22.00(Cash)
<Track on www.indiapost.gov.in>

राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर, चित्रकूट (उ०प्र०)

राष्ट्रीय सेवा योजना

एक दिवसीय सामान्य शिविर योजना, इकाई-1

सत्र - 2022-23

" कार्यक्रम की रूपरेखा "

दिनांक - 10/03/2023 से 18/03/2023 तक

| क्र.सं. | दिनांक | कार्यक्रम |
|---|---|---|
| 1. | 10/03/2023 | स्वच्छता अभियान |
| 2. | 12/03/2023 | धूम्रपान निषेध, जागरूकता अभियान रैली |
| 3. | 16/03/2023 | मतदान जागरूकता अभियान रैली |
| 4. | 18/03/2023 | जल संरक्षण और वृक्षा रोपण सुरक्षा अभियान |

श्री धर्मेन्द्र सिंह
कार्यक्रम अधिकारी
इकाई-1 राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर (चित्रकूट)

प्राचार्य

# राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर चित्रकूट
## राष्ट्रीय सेवा योजना एक दिवसीय सामान्य शिविर की प्रगति आख्या

द्वितीय एक दिवसीय सामान्य शिविर **"सड़क सुरक्षा"**

राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई - एक के अंतर्गत दिनांक 12/03/2023 को द्वितीय एक दिवसीय सामान शिविर का आयोजन किया गया । द्वितीय सामान्य शिविर का मूल विषय**"सड़क सुरक्षा "**पर केंद्रित था। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी श्री धर्मेंद्र सिंह ने शासन के द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम **"सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा की महिमा"**पर प्रकाश डाला साथ ही साथ उन्होंने यात्रा के दौरान दो पहिया वाहन चालक द्वारा हेलमेट का प्रयोग एवं चार पहिया वाहन चालक द्वारा सीट बेल्ट के प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया साथ ही साथ स्वयं सेवक एवं स्वयं सेविकाओं के साथ ग्रामीण अंचल में रैली निकालकर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक गण भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर चित्रकूट

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर चित्रकूट (उ०प्र०)

## राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर चित्रकूट
## राष्ट्रीय सेवा योजना एक दिवसीय सामान्य शिविर की प्रगति आख्या

तृतीय एक दिवसीय सामान्य शिविर **"मतदाता जागरूकता रैली"** राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई -1 के अंतर्गत दिनांक 16 मार्च 2023 को तृतीय एक दिवसीय सामान्य शिविर का आयोजन किया गया। सामान्य शिविर का मुख्य आधार **"मतदाता जागरूकता"** पर आधारित रहा। इस शिविर में स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं ने टोली बनाकर घर-घर जाकर मतदान के प्रति जनता को जागरूक करने का प्रयास किया साथ ही साथ इस अवसर पर मतदाता जागरूकता संबंधित पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया एवं लघु नाटक के माध्यम से जनसमुदाय को जागरूक करने के दृष्टिगत अभिनय किया गया । इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी श्री धर्मेंद्र सिंह ने स्वयंसेवक एवं स्वयंसेवकों को संबोधित कर बताया कि मतदान लोकतंत्र का आधार स्तंभ हैं इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त अध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर, चित्रकूट (उ०प्र०)

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर चित्रकूट

<u>**राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर चित्रकूट**</u>

<u>**राष्ट्रीय सेवा योजना एक दिवसीय सामान्य शिविर की प्रगति आख्या**</u>

चतुर्थ एक दिवसीय सामान्य शिविर **"पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता अभियान"** राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई -1 के अंतर्गत दिनांक 18/3/2023 को चतुर्थ एक दिवसीय सामान्य शिविर का आयोजन किया गया। इस सामान्य शिविर का मूल आधार **"पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता अभियान"** अवलंबित था । इस अवसर पर स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं ने परिसर की स्वच्छता कर शिविर के उद्देश्य को चरितार्थ किया । स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते हुए कार्यक्रम अधिकारी श्री धर्मेंद्र सिंह ने पर्यावरण संरक्षण का निहित उद्देश्य एवं वैश्विक पटल पर इसकी प्रसांगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। संचालन के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त प्राध्यापक तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर चित्रकूट (उ0प्र0)

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर चित्रकूट

# राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर चित्रकूट

## राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर की प्रगति आख्या

दिनांक- 21/03/2023

राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर, चित्रकूट की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई -एक ने सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ दिनांक 21 मार्च 2023 को राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर में किया गया। विशेष शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ दुर्गेश कुमार शुक्ल द्वारा वीणा वादिनी मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। सात दिवसीय विशेष शिविर स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं की कुल संख्या 50 के साथ आरंभ हुई। सरस्वती वंदना का गायन स्वयंसेविका काजल कंचनी , चेतना पांडे एवं प्रतिमा द्वारा किया गया। उद्घाटन सत्र में प्राचार्य अपने उद्बोधन में स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं को अनुशासित रहकर राष्ट्र एवं समाज सेवा की भावना से राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत को अपने जीवन में आत्मसात करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ धीरेंद्र सिंह , श्री ऋषि प्रताप सिंह, डॉ कीर्ति शुक्ला, श्री संदीप नाथ तिवारी , डॉ रमेश कुमार सरोज इत्यादि उपस्थित रहे । शिविर में प्रतिदिन श्रमदान , बौद्धिक सत्र, एवं समसामयिक विषयों पर विचार विमर्श, स्वच्छता एवं अन्य जागरूकता के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। शिविर के प्रथम दिवस में स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने श्रमदान कर महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ करने में अपनी सक्रिय सहभागिता प्रदर्शित की ।कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के प्राध्यापक श्री सुनील मिश्र ने किया।

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महाविद्या...
मानिकपुर चि...

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर, चित्रकूट (उ०प्र०)

# राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर चित्रकूट

## राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर की प्रगति आख्या

दिनांक -22/03/2023

सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस के अंतर्गत 22 मार्च 2023 को स्वयंसेवक /स्वंयसेविकाओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की ।द्वितीय दिवस के व्याख्यान का मुख्य उद्देश्य "**जल संरक्षण एवं लिंग विभेद-सामाजिक अपराध निषेध**" की महिमा पर आधारित था । इस दिवस क़े थीम की प्रसंगिकता पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ दुर्गेश कुमार शुक्ला ने जल संरक्षण एवं उसके विविध प्रकार पर विस्तार से प्रकाश डाला वहीं वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक श्री संदीप नाथ तिवारी ने लिंग- विभेद, सामाजिक अपराध के निषेध की गरिमा को रेखांकित किया साथ ही साथ उन्होंने लिंग विभेद निषेध के संदर्भ में उद्बोधन किया कि लिंग भेदभाव एक सामाजिक मुद्दा है जो हमारी व्यवस्था में युगों से मौजूद है। विशेष रूप से समाज में विभिन्न लिगों के प्रति अन्याय पूर्ण व्यवहार को संदर्भित किया। महिलाएं लैंगिक असमानता की आधार पर शिकार हैं क्योंकि उन्हें इस पुरुष प्रधान समाज में पुरुषों की तुलना में निम्न श्रेणी का माना जाता है इस अवसर पर समस्त स्वयंसेवक/ स्वंयसेविकाओं के अलावा महाविद्यालय के प्राध्यापक उपस्थित रहे । संचालन का कार्य डॉ० सुनील मिश्र के द्वारा किया गया।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर, चित्रकूट (उ०प्र०)

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर चित्रकूट

# राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर चित्रकूट

## राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर की प्रगति आख्या

दिनांक -23/03/2023

राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत दिनांङ्क 23 मार्च 2023 को तृतीय दिवस में स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत के साथ कार्यक्रम की वैधानिक शुरुआत की। तृतीय दिवस के व्याख्यान का मुख्य थीम "**मतदाता जागरूकता**" पर आधारित था । वक्ता डॉ धीरेंद्र सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर समाजशास्त्र ने मतदान की प्रासंगिकता एवं महत्व पर प्रकाश डाला उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि मतदान सभी का अधिकार है और हमें चुनाव के दौरान अवश्य मतदान करना चाहिए । उन्होंने अपने संबोधन में मतदान लोकतंत्र का अभिन्न अंग है और इसके लिए लोगों को सजग होना जरूरी है मतदान एक महत्वपूर्ण नागरिक कर्तव्य है जो हमारे देश के भविष्य को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करता है एवं मतदान से नागरिकों को अपनी सरकार में अधिक शामिल होने और उसे जवाबदेह बनाए रखने में मदद मिलती है। अंत में समस्त स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने ग्रुप/ टोली बनाकर महाविद्यालय के समीप स्थित आबादी में 20 घरों का निर्धारण कर उनके सामाजिक एवं आर्थिक सर्वेक्षण भी किया।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर, चित्रकूट (उ0प्र0)

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर चित्रकूट

# राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर चित्रकूट
## राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर की प्रगति आख्या

दिनांक -24/03/2023

राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस अर्थात 24 मार्च 2023 को शिविर की शुरुआत लक्ष्य गीत के साथ हुई चतुर्थ दिवस के व्याख्यान का मुख्य फोकस "**नशा निषेध जागरूकता अभियान**" पर अभिकेंद्रीय था। इस दिवस के मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के प्राध्यापक श्री संदीप नाथ तिवारी ने स्वयंसेवक स्वयं सेविकाओं के संबोधित किया समाज में नशे के लत को समूल समाप्त करने के उद्देश्य सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा नशा मुक्त अभियान का शुभारंभ किया । इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ बृजेश श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में उद्गार व्यक्त किया कि सबसे अधिक लत वाला नशा है हेरोइन इंसान के शरीर और दिमाग को नुकसान पहुंचाने के मामले में इसे सबसे खतरनाक नशा माना गया है ।अंत में समस्त स्वयंसेवक एवं संस्थाओं ने नशा मुक्त भारत हेतु सामाजिक और राष्ट्रीय उत्थान की शपथ ली। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक/ कर्मचारी उपस्थित रहे।

अधिकारी
योजना
महाविद्यालय
मानिकपुर चित्रकूट

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर, चित्रकूट (उ०प्र०)

# राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर चित्रकूट
## राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर की प्रगति आख्या

दिनांक -25/03/2023

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई -1 के सात दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस अर्थात 25 मार्च 2023 को शिविर की विधिवत शुरुआत राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत "**उठे समाज के लिए उठे**" से प्रारंभ हुई।पंचम दिवस के व्याख्यान का मुख्य फोकस मिशन शक्ति अभियान पर आधारित था । इस दिवस के मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय की प्राध्यापिका डॉ कीर्ति शुक्ला ने अपने वक्तव्य से महिला स्वावलंबन एवं उत्थान हेतु संकल्पित मिशन शक्ति अभियान पर विस्तृत प्रकाश डाला।स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने उद्बोधित किया कि मिशन शक्ति मिशन मोड में एक योजना है जिसका उद्देश्य महिला सुरक्षा संरक्षण और सशक्तिकरण के लिए समर्थन को सशक्त बनाना प्रदेश सरकार द्वारा अब तक मिशन शक्ति के तीन चरण संपादित हो चुके हैं डॉ कीर्ति ने स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं को मिशन शक्ति हेल्पलाइन नंबर **1090 ,181 ,1076** एवं **112** की महत्ता एवं उसकी प्रासंगिकता को रेखांकित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महाविद्या...
मानिकपुर चित्र...

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर, चित्रकूट (उ०प्र०)

# राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर चित्रकूट

## राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर की प्रगति आख्या

दिनांक -26/03/2023

सात दिवसीय विशेष शिविर षष्ठम दिवस दिनांक 26 मार्च 2023 राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई- 1 के षष्ठम दिवस विशेष शिविर की शुरुआत लक्ष्य गीत के साथ प्रारंभ हुई। इस दिवस का मुख्य थीम "**योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता अभियान**" था । इस अवसर पर स्वयंसेवक एवं सेविकाओं को योग की प्रसंगिकता एवं उसके महत्व पर प्रकाश डाला इस अवसर पर समस्त स्वयंसेवक एवं स्वंयसेविकाएँ उपस्थित थे।

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर चित्रकूट

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर, चित्रकूट (उ०प्र०)

# राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर चित्रकूट

## राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर की प्रगति आख्या




दिनांक -27/03/2023

राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के सप्तम दिन अर्थात 27 मार्च 2023 को शिविर की शुरुआत लक्ष्य गीत के साथ हुई , सप्तम अर्थात अंतिम दिवस समापन समारोह पर आधारित था ।इस दिवस की वैधानिक शुरुआत भी राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत के गायन से प्रारंभ हुई इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष प्राचार्य डॉ दुर्गेश कुमार शुक्ल ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतीक चिन्ह की प्रासंगिकता एवं इसमें निहित उद्देश्य एवं इसकी स्थापना के परिदृश्य निहित भाव पर प्रकाश डाला समापन दिवस के इस अवसर पर स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाए विशेष शिविर के पूर्व राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य से वंचित थे ।वही समापन के पश्चात उद्देश्य से रूबरू हुए स्वयंसेविका काजल कंचनी ने अपनी भावुकता पूर्ण वक्तव्य से शिविर में समा बांध दिया ।समापन अवसर पर देव कुमार अनुभव गुप्ता, प्रतिमा एवं अनुराधा आदि के साथ-साथ समस्त स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं ने इस सात दिवसीय विशेष शिविर में अपने अनुभवों को साझा किया ।समापन दिवस के इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ बृजेश, डॉ कीर्ति शुक्ला, डॉ धीरेंद्र सिंह, डॉ संदीपनाथ तिवारी, श्री नीरज सिंह एवं श्री धर्मेंद्र सिंह उपस्थित रहे व संचालक महाविद्यालय के प्राध्यापक श्री सुनील कुमार ने किया।

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर चित्रकूट

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर चित्रकूट (उ०प्र०)

# Uploaded Camp Images

| SNo | CAMP DESCRIPTION | Image1 | Image2 | Image3 | Image4 | Image5 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | For nss one day camp |  |  |  |  |  |
| 2 | For nss one day camp |  |  |  |  |  |
| 3 | For nss one day camp |  |  |  |  |  |
| 4 | For nss one day camp |  |  |  |  |  |

# कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर चित्रकूट

**सूचना** दिनांक 29.05.2023

शासन के पत्रांक सी.एम.ओ. /एन टी सी पी /2023-24/1455 दिनांक 22/05/2023 एवं पत्रांक संख्या 286/87/क्षे०का ०झाँ०/2023-24 के अनुक्रम में महाविद्यालय स्तर पर निम्न कार्यक्रम आयोजित कराना सुनिश्चित किया गया है जिसका विवरण निम्नवत है –

| दिनांक | कार्यक्रम |
|---|---|
| 31 मई 2023 | विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता एवं रैली का आयोजन |
| 05 जून 2023 | विश्व पर्यावरण दिवस , मिशन लाइफ के अंतर्गत स्वच्छता कार्यक्रम ,ठोस/द्रव अवशिष्ट प्रबंधन हेतु जागरूकता एवं लाइफ प्रतिज्ञा |

महाविद्यालय में अध्ययनरत समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त कार्यक्रम सारिणी में उल्लिखित दिनांक के अनुसार ससमय प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

कार्यक्रम प्रभारी

प्राचार्य 29/5/23

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर, चित्रकूट (उ०प्र०)

# राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस,पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की ली शपथ

News-Desk · 15 hours ago Last Updated: June 5, 2023 0 23

1 minute read



Listen to this article

**जन एक्सप्रेस संवाददाता | चित्रकूट**

राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर मे विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों के आयोजन की शुरुआत सोमवार को महाविद्यालय के संरक्षक प्राचार्य दुर्गेश शुक्ला द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया गया।

जिसमें महाविद्यालय में रंगोली,पोस्टर, निवंध प्रतियोगिता के साथ छात्र/छात्राओं को स्पंज दिलाई गई। छात्रों को महाविद्यालय के प्राचार्य दुर्गेश शुक्ला द्वारा पर्यावरण से संवंधित विस्तृत जानकारी दी गई। पर्यावरण संरक्षण जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया।छात्र,छात्राओं के साथ कालेज स्टाफ के साथ समस्त कर्मचारियों को पर्यावरण स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। कालेज के समस्त स्टाफ व बच्चों ने

BLUESTONE
BIG Gold

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि लगातार बढ़ रहे पर्यावरण के खतरे को देखते हुए हमें सभी को सावधान रहने की जरूरत है। हमें वातावरण को शुद्ध बनाने के लिए साफ-सफाई के साथ-साथ ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करने की जरूरत है। कार्यक्रम के दौरान सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई कि अब हमारा कर्तव्य है कि गंदगी को दूर कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य कर भारत माता की सेवा करें। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक धर्मेंद्र सिंह, डॉ. धीरेंद्र सिंह, डॉ. रमेश कुमार सरोज, डॉ. बृजेश, संदीप नाथ तिवारी, डॉ. रामपोश, नीरज सिंह एवं छात्र दुर्गा पांडे,आसमीन, प्रतिभा, प्रियांशी, प्राची, प्रतिमा, शिवांश आदि एक सैकड़ा से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया है।

## Related Articles



**मंदाकिनी को निर्मल बनाने अनुज हनुमत ने सतना कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

7 days ago



**प्रशासन की लापरवाही से मंदाकिनी में डूबकर आएदिन श्रद्धालुओं की हो रही मौतें**

7 days ago




राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर चित्रकूट
में सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 26 मई 2022 को स्लोगन
प्रतियोगिता संपन्न कराई गई।

1/20/23, 11:23 PM WhatsApp

1/20/23, 11:22 PM WhatsApp

sunil
today at 23:04

# महाविद्यालय में रोपे गए हरिशंकरी पौधे

मानिकपुर, चित्रकूट : राजकीय महाविद्यालय के प्रागण मे सोमवार को प्राचार्य डॉ. दुर्गेश शुक्ल के निर्देशन व वन विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति मे हरिशकरी पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर प्राध्यापक डा धीरेंद्र, कीर्ति शुक्ला, सुनील मिश्रा, ब्रजेश, ऋषि प्रताप, धर्मेंद्र सिंह, रमेश सरोज, रामपोस एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

WhatsApp
sunil
today at 23:04

# राजकीय महाविद्यालय में मनाया गया अमृत महोत्सव

**बसंत द्विवेदी - प्रयाग भारत**

**मानिकपुर, चित्रकूट।** राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर चित्रकूट



के प्रांगण में सोमवार को महाविद्यालय के प्राचार्य डा० दुर्गेश शुक्ल के निर्देशन में वन विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में हरिशंकरी पौधौ का रोपण किया गया। आज़ादी के अमृत महोत्सव के इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डा० धीरेन्द्र, कीर्ति शुक्ला, सुनील मिश्रा ब्रजेश, ऋषिप्रताप, धर्मेन्द्र सिंह, रमेश सरोज, रामपोस एवं महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने सहभागिता की जिसमे विद्यालय के छात्रों में काफी उत्साह देखने को मिला और प्राचार्य ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन को स्वस्थ और आक्सीजन प्रदान करते है।

# कीय महाविद्यालय में आयोजित हुई पाठा की पाठश






ांडेय

ाष्ट्रीय युवा दिवस के मानिकपुर स्थित ाविद्यालय में परहित न द्वारा पाठा की सीजन 02 का ाया गया। कार्यक्रम में ाथि के रूप में ारी मानिकपुर प्रमेश ुपस्थित रहे। उन्होंने ं को शिक्षा के महत्व के विषय में बताते हुए स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से सम्बंधित कई महत्वपूर्ण प्रेरक प्रसंग बताये। उन्होंने छात्र छात्राओं से कहा की अनुशासन में रहकर आप किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डा दुर्गेश शुक्ल ने कहा की पाठा की पाठशाला जैसे कार्यक्रम इस क्षेत्र में शिक्षा के प्रसार हेतु बेहद महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने हमेशा एक ही तथ्य पर जोर दिया की उठो जागो और तब तक बढ़ते रहो जब तक लक्ष्य प्राप्ति न हो जाए। इस मौके पर पाठा की पाठशाला कार्यक्रम के आयोजक परहित सेवा संस्थान के प्रबंधक अनुज हनुमत ने कहा की यह बड़े गौरव का विषय है की हमारे देश में स्वामी विवेकानंद जी जैसे महान संत ने जन्म लिया। स्वामी जी ने सनातन संस्कृति और शिक्षा के प्रसार हेतु अपना संपूर्ण जीवन बलिदान कर दिया। मौजूदा समय ऐसे ही महान व्यक्तित्वों के बताते मार्ग पर चलने का है जिसके लिये हमें शिक्षा को अपना मजबूत हथियार बनाना पड़ेगा। तभी हम आत्मनिर्भर और जागरूक बनेंगे और हमारा देश विश्वगुरु बनेगा। उन्होंने बताया कि पाठा कि पाठशाला कार्यक्रम ए है जिससे चित्रकूट के पाठा क्षेत्र में शिक्षा जगाकर सभी को बनाया जा सके। इस महाविद्यालय के छात्र स्वामी विवेकानंद जी पर अपने विचार व परहित सेवा संस्थान द्व उत्साहवर्धन हेतु ट्र सम्मानित भी किया ग

WhatsApp

Anuj
1/14/2023 at 05:04



# राष्ट्रीय युवा दिवस के मौक़े पर राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर में आयोजित हुई पाठा की पाठशाला




**जागेश्वर न्यूज संवाददाता**

मानिकपुर। गुरुवार को राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर मानिकपुर स्थित राजकीय महाविद्यालय में परहित सेवा संस्थान द्वारा पाठा की पाठशाला सीजन 02 का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपजिलाधिकारी मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे। उन्होंने छात्र छात्राओं को शिक्षा के महत्व के विषय में बताते हुए स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से सम्बंधित कई महत्वपूर्ण प्रेरक प्रसंग बताये। उन्होंने छात्र छात्राओं से कहा की अनुशासन में रहकर आप किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते [illegible] प्राचार्य डा दुर्गेश शुक्ल ने कहा की पाठा की पाठशाला जैसे कार्यक्रम इस क्षेत्र में शिक्षा के प्रसार हेतु बेहद महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने हमेशा एक ही तथ्य पर जोर दिया की उठो जागो और तब तक बढ़ते रहो जब तक लक्ष्य प्राप्ति न हो जाए। इस मौके पर पाठा की पाठशाला कार्यक्रम के आयोजक परहित सेवा संस्थान के प्रबंधक अनुज हनुमत ने कहा की यह बड़े गौरव का विषय है की हमारे देश में स्वामी विवेकानंद जी जैसे महान संत ने जन्म लिया। स्वामी जी ने सनातन संस्कृति और शिक्षा के प्रसार हेतु अपना संपूर्ण जीवन [illegible] ऐसे ही महान व्यक्तित्वों के बताते मार्ग पर चलने का है जिसके लिये हमें शिक्षा को अपना मज़बूत हथियार बनाना पड़ेगा। तभी हम आत्मनिर्भर और जागरूक बनेंगे और हमारा देश विश्वगुरु बनेगा। उन्होंने बताया कि पाठा कि पाठशाला कार्यक्रम एक अभियान है जिससे चित्रकूट के अतिपिछड़े पाठा क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाकर सभी को आत्मनिर्भर बनाया जा सके। इस मौके पर महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर अपने विचार व्यक्त किए। परहित सेवा संस्थान द्वारा छात्रों के उत्साहवर्धन हेतु ट्रॉफी देकर सम्मानित भी किया [illegible]


# राजकीय महाविद्यालय में आयोजित हुई पाठा की पाठशाला






घनश्याम पांडेय

चित्रकूट। राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर मानिकपुर स्थित राजकीय महाविद्यालय में परहित सेवा संस्थान द्वारा पाठा की पाठशाला सीजन 02 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपजिलाधिकारी मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे। उन्होंने छात्र छात्राओं को शिक्षा के महत्व के विषय में बताते हुए स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से सम्बंधित कई महत्वपूर्ण प्रेरक प्रसंग बताये। उन्होंने छात्र छात्राओं से कहा की अनुशासन में रहकर आप किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डा दुर्गेश शुक्ल ने कहा की पाठा की पाठशाला जैसे कार्यक्रम इस क्षेत्र में शिक्षा के प्रसार हेतु बेहद महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने हमेशा एक ही तथ्य पर जोर दिया की उठो जागो और तब तक बढ़ते रहो जब तक लक्ष्य प्राप्ति न हो जाए। इस मौके पर पाठा की पाठशाला कार्यक्रम के आयोजक परहित सेवा संस्थान के प्रबंधक अनुज हनुमत ने कहा की यह बड़े गौरव का विषय है की हमारे देश में स्वामी विवेकानंद जी जैसे महान संत ने जन्म लिया। स्वामी जी ने सनातन संस्कृति और शिक्षा के प्रसार हेतु अपना संपूर्ण जीवन बलिदान कर दिया। मौजूदा समय ऐसे ही महान व्यक्तित्वों के बताते मार्ग पर चलने का है जिसके लिये हमें शिक्षा को अपना मजबूत हथियार बनाना पड़ेगा। तभी हम आत्मनिर्भर और जागरूक बनेंगे और हमारा देश विश्वगुरु बनेगा। उन्होंने बताया कि पाठा कि पाठशाला कार्यक्रम एक अभि[illegible] है जिससे चित्रकूट के अतिपि[illegible] पाठा क्षेत्र में शिक्षा की अल[illegible] जगाकर सभी को आत्मनि[illegible] बनाया जा सके। इस मौके [illegible] महाविद्यालय के छात्र छात्राओ[illegible] स्वामी विवेकानंद जी के जी[illegible] पर अपने विचार व्यक्त कि[illegible] परहित सेवा संस्थान द्वारा छात्रो[illegible] उत्साहवर्धन हेतु ट्राफी दे[illegible] सम्मानित भी किया गया।



चित्रकूट : सम्बोधित करते प्राचार्य।

# छात्र–छात्राओं ने बताई जल संरक्षण की आवश्यकता

- राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस का विशेष शिविर शुरू

मानिकपुर, चित्रकूट : राजकीय महाविद्यालय में 27 मार्च तक राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर चलेगा। सात दिवसीय शिविर के तहत गुरुवार को जल संरक्षण और पर्यावरण विषय पर गोष्ठियां का आयोजन किया गया। छात्र–छात्राओं और शिक्षकों ने जल संरक्षण की उपयोगिता बताई। गुरुवार को कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं सरस्वती वंदना से हुआ। प्राचार्य डॉ. दुर्गेश कुमार शुक्ला ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य एवं स्थापना पर प्रकाश डाला। छात्र–छात्राओं ने परिसर में सफाई कर श्रमदान किया। इस अवसर पर गोष्ठी में वाणिज्य विभाग के प्रवक्ता संदीप तिवारी ने वाटर हार्वेस्टिंग पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। शिविर में कार्यक्रम अधिकारी सुनील कुमार मिश्रा, संदीप तिवारी, डॉ कीर्ति शुक्ला, डॉ. रमेश कुमार सरोज, डॉ. धीरेंद्र सिंह, नीरज सिंह आदि मौजूद रहे।

## ग्रामीण महिलाओं को पशुपालन के लिए किया प्रेरित

मानिकपुर, चित्रकूट : तहसील अंतर्गत गांव हनुआ के मजरे कबरापुरवा में अक्षर मेले का आयोजन किया गया। सोमवार को हुए आयोजन में महिलाओं को पशुपालन के लिए जागरूक किया गया। उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. सीएस पाल, बाएफ के रीजनल डायरेक्टर डा. रविराज जाधव, परियोजना अधिकारी शांति मिश्रा, आरपी त्रिपाठी, फील्ड कोआर्डिनेटर डा. सीमा सिंह आदि ने किसानों को पशुपालन के सम्बन्ध में बताया। मेले में बेहतर समझ के लिए शब्दचित्रों के स्टाल लगाए गए। इसमें प्रेरकों के कन्वर्जन कार्यों, महिला साक्षरता केन्द्र की गतिविधियों को जानकी, धर्मा ने विस्तार से बताया। इसके अलावा पशुपालन सम्बन्धी स्टाल में पशुओं के रखरखाव, खानपान, स्वास्थ्य, टीकाकरण आदि की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने महिलाओं को पशुपालन कर आत्मनिर्भर की प्रेरणा दी।

# स्वच्छता, मतदान, जल संरक्षण पर किया गया जागरूक

### राष्ट्रीय सेवा योजना के 7 दिवसीय शिविर का समापन

मानिकपुर, चित्रकूट : राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का समापन हुआ। सात दिवसीय शिविर में स्वच्छता, मतदान, जल संरक्षण, धूम्रपान निषेध, मिशन शक्ति आदि बिंदुओं पर जागरूकता अभियान चलाए गए। इस दौरान छात्रों ने सामूहिक रूप से भोजन भी बनाया।

शिविर में कुल 50 स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। समापन अवसर पर प्राचार्य डा. दुर्गेश शुक्ल ने राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि वे आत्ममूल्यांकन करें। शिवांश ने सात दिन में हुए कार्यक्रमों का वर्णन किया। बताया कि शिविर में 21 मार्च को स्वच्छता जागरूकता अभियान, 22 को जल संरक्षण, 23 को मतदान जागरूकता, 24 को धूम्रपान निषेध अभियान व 25 को मिशन शक्ति अभियान चलाया गया। 26 मार्च को योग शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर डा. धीरेंद्र सिंह, डा. रमेश कुमार, डा. कीर्ति शुक्ला, डा. ब्रजेश श्रीवास्तव, संदीप नाथ तिवारी, ऋषि प्रताप सिंह, धर्मेंद्र सिंह व सुनील कुमार मिश्र ने भी संबोधित किया। शिविर में प्रांजल, देव कुमार, अनुभव गुप्ता, प्रिंस, आराधना द्विवेदी, रिमझिम मिश्रा, चांदनी वर्मा, सिमरन बानो आदि विद्यार्थियों का सहयोग रहा।



**चित्रकूट : भोजन तैयार करतीं छात्राएं।**

# सूचना

दिनांक-05/1/23

पत्रांक संख्या -204/ओ.एस.डी.दिनाक-29/12/2022 के निर्देशानुसार उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सडक सुरक्षा माह दि
023-04/02/2023) तक आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमो की रूपरेखा निम्नवत है-

## सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम रूपरेखा

| दिनांक | दिन | कार्यक्रम विवरण | आयोजन समिति |
|---|---|---|---|
| 05/01/2023 | गुरूवार | सडक सुरक्षा माह कार्यक्रम शुभारभ एव सडक सुरक्षा शपथ | वरिष्ठ अधिकारियो के सहयोग द्वा सडक सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। |
| 6/01/2023 | शुक्रवार | सडक सुरक्षा जागरूकता आनलाईन प्रशिक्षण कार्यशाला | सी0आर0आर0.आई0 दिल्ली द्वार प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। |
| 07/01/2023 | शनिवार | सडक सुरक्षा विषय पर पोस्टर एव रगोली प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। | रोड सेफ्टी क्लब के अन्तर्गत |
| 09/01/2023 | सोमवार | महाविद्यालयो मे सडक सुरक्षा अभियान के अतर्गत प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। | परिवहन/स्वास्थ्य एव यातायात विभाग के सहयोग द्वारा आयोजि किया जाएगा। |
| 10/01/2023 | मगलवार | छात्र-छात्राओ द्वारा सडक सुरक्षा जागरूकता हेतु नुक्कड नाटक आयोजित किए जाएगे। | रोड सेफ्टी क्लब द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। |
| 11/01/2023 | बुधवार | मलिन बस्तियो एव अभिगृहित गाव मे सडक सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएगे। | एन एस.एस. इकाईयो द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कि जाएगा। |
| 12/01/2023 | गुरूवार | सडक सुरक्षा जागरूकता का प्रशिक्षण ( प्राध्यापको एव प्राचार्यो) प्रदान किया जाएगा | सी0आर0आर0आई0दिल्ली द्वारा आनलाईन प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। |
| 13/01/2023 | शुक्रवार | निबध एव भाषण प्रतियोगिता | रोड सेफ्टी क्लब के अतर्गत आयोजित की जाएगी। |
| 26/01/2023 | गुरूवार | सडक सुरक्षा शपथ | ध्वजारोहण के पश्चात सविधान व प्रतिज्ञा के साथ सडक सुरक्षा श ग्रहण करायी जाएगी। |
| 30/01/2023 | सोमवार | सडक सुरक्षा जागरूकता विषयक पोस्टर एव निबध प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी । | रोड सेफ्टी क्लब द्वारा राष्ट्रीय योजना के अतर्गत आयोजित कि जाएगा। |
| 31/01/2023 | मगलवार | सडको /चौराहो पर वाहन सुरक्षा नियमो की जानकारी(जागरूकता रैली पोस्टर/होडिग द्वारा प्रदान की जाएगी। | रोड सेफ्टी क्लब (एन.एस.एस./रेजर्स/एन.सी.सी.)द्व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कि जाएगा। |



राष्ट्रीय सेवा योजना के नामांकित छात्र/छात्रा सड़क सुरक्षा के उपरोलिखित समय-सारिणी के अनुसार सहभागिता सुनिश्चित करें।

5/1/2023

दिनांक- 30-11-2022

प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर चित्रकूट (उ०प्र०)

## सूचना

महाविद्यालय स्तर पर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को सूचित किया जाता है कि वे जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु दिनांक 02-12-2022 को प्रातः 10 बजे महामति प्राणनाथ महाविद्यालय मऊ चित्रकूट में पहुंच कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए प्रतियोगिता में सहभागिता सुनिश्चित करें।

चित्र कला प्रतियोगिता –

माही देवी

क' प्रथम - माही देवी D/o श्री राजकुमार - B.Sc III[rd]
द्वितीय – अपराजिता गौतम D/o श्री देवेन्द्र कुमार गौतम - B.Sc III
तृतीय – तरुण गोरखा S/o श्री रामस्वरूप - B.A. III[rd]

लेखन प्रतियोगिता –

ख' प्रथम - कल्पना देवी D/o श्री देशराज - B.A. III
द्वितीय - प्राची त्रिपाठी D/o श्री लवकुश त्रिपाठी - B.A. I[st] Sem
तृतीय - विनोद कुमार गुप्ता S/o श्री भगवानदीन - B.A. III ~~vinod~~
- शिवा साहू D/o श्री राकेश कुमार साहू - B.A. III Sem.
- सिमरन महादेव D/o श्री शंकर लाल - B.A. III Sem.

क्विज प्रतियोगिता –

ग' प्रथम - प्रांजल S/o श्री प्रेम केशरवानी - B.A. I Sem (प्रान्जल)
द्वितीय - अनुभव गुप्ता S/o श्री कृष्णदास गुप्ता - B.A. I Sem. (अनुभव गुप्ता)
तृतीय - श्रद्धा पाण्डेय D/o श्री योगेश्वर प्रसाद - B.A. III

प्रभारी-
सड़क सुरक्षा

[illegible]

अवलोकित

प्राचार्य

# कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर, चित्रकूट

दिनांक-12-11-2022

## सूचना

महाविद्यालय मे अध्ययनरत समस्त छात्र/छात्राओ को सूचित किया जाता है कि कार्यालय परिवहन आयुक्त उत्तर-प्रदेश के द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए महाविद्यालय स्तर पर निम्नलिखित प्रतियोगिताएं आयोजित की जानी है जिसका विवरण निम्नवत है एवं प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु शीघ्रतिशीघ्र सड़क सुरक्षा प्रभारी श्री धर्मेंद्र सिंह असि०प्रो०(जन्तु विज्ञान ) से संपर्क करें।

| क्र०स० | दिनांक | समय | प्रतियोगिता |
|---|---|---|---|
| 1 | 14.11.2022 | 10:00-11:00 (A.M) | लेखन |
| 2 | 14.11.2022 | 11:00-12:00(P.M) | चित्रकला |
| 3 | 14.11.2022 | 12:00-1:00(P.M) | क्विज प्रतियोगिता |

उपरोक्त प्रतियोगिता में प्रथम , द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्रा क्रमशः जनपद स्तर और मण्डल स्तर पर भाग लेंगे जिसके उपरांत उन्हे पुरस्कार /धनराशि से सम्मानित किया जाएगा।

प्रभारी
सड़क सुरक्षा

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर चित्रकूट (उ०प्र०)

# राजकीय महाविद्यालय

मानिकपुर (चित्रकूट) उ.प्र. 210208

email id : gdcmanikpur@gmail.com


पत्रांक :

दिनाँक : ........................

## कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर, चित्रकूट

**सूचना** दिनांक-13.06.2023

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के पत्रांक बु०वि०/एन.एस.एस/2023 /93/ दिनांक 08/06/2023 के अनुक्रम में योग सप्ताह-2023 एवं नवम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम दिनांक 21 जून 2023 को आयोजित होना सुनिश्चित हुआ है।

अतः महाविद्यालय में अध्ययनरत समस्त छात्र/छात्राएं एवं प्राध्यापकगण /कर्मचारीगण उपरोक्त कार्यक्रम में ससमय प्रातः 08:00 AM पर महाविद्यालय में उपस्थित होकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दें।

13/6/23

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर चित्रकूट (3090)